मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-251
17/05/2025

# मुख्यमंत्री ने जी0पी0ओ0, पटना के पास नवनिर्मित बहुमंजिला पार्किंग भवन (मल्टी–मॉडल हब) तथा पटना जंक्शन तक भूमिगत पथ (सब–वे) का किया लोकार्पण

**पटना, 17 मई 2025 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जी0पी0ओ0, पटना के पास नवनिर्मित बहुमंजिला पार्किंग भवन (मल्टी–मॉडल हब) तथा पटना जंक्शन तक भूमिगत पथ (सब–वे) का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर लोकार्पण किया। रिमोट के माध्यम से नवनिर्मित बहुमंजिला पार्किंग भवन (मल्टी–मॉडल हब) से बसों एवं यात्री वाहन के परिचालन का मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया। लोकार्पण के पश्चात् नवनिर्मित भूमिगत पैदल यात्री मार्ग (सब–वे) का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ट्रैवेलेटर, एस्केलेटर आदि का जायजा लिया और यात्री सुविधाओं तथा कनेक्टिविटी के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि इसकी शुरूआत होने से पटना जंक्शन और इसके आसपास के इलाकों में भीड़भाड़ कम होगी और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था सुदृढ़ होगी। जी0पी0ओ0 गोलम्बर के नजदीक मल्टीलेवल हब को पटना जंक्शन से जोड़ने हेतु भूमिगत पैदल यात्री मार्ग (सब–वे) का निर्माण कराया गया है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र अन्तर्गत यातायात व्यवस्था को विकसित करना है। इस भूमिगत पैदल यात्री मार्ग (सब–वे) एवं बहुमंजिला पार्किंग भवन का लोकार्पण होने से पैदल चलनेवाले लोगों को पटना जंक्शन तक आवागमन में काफी सुविधा होगी। हमने पूर्व में भी कई बार इस परियोजना के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था उस दौरान बेहतर एवं व्यवस्थित ढंग से निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराने का निर्देश दिया था।

ज्ञातव्य है कि नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा 84.83 करोड़ रुपये की लागत से पटना जंक्शन के समीप भूमिगत पथ (सब–वे) का निर्माण कराया गया है। यह पटना जंक्शन के पास से प्रारंभ होकर जी0पी0ओ0 गोलम्बर तक जाता है, जिसकी लम्बाई 440 मीटर है। इस परियोजना में जी0पी0ओ0 गोलंबर के नजदीक 66.81 करोड़ रूपये की लागत से बहुमंजिला पार्किंग भवन (मल्टी मॉडल हब) का निर्माण किया गया है जहां बस, ऑटो, टैक्सी एवं निजी वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था है। पटना शहर के विभिन्न स्थानों से इस बहुमंजिला पार्किंग स्थल तक वाहन से पहुंचने के बाद पैदल यात्री भूमिगत पथ में नव–निर्मित स्वाचालित ट्रैवेलेटर से पटना जंक्शन तक आसानी से पहुँच सकते हैं। लोगों की सुविधा के लिए भूमिगत पथ तक पहुंचने के लिए दो लिफ्ट तथा दो स्वाचालित सीढ़ियाँ (एस्केलेटर) भी लगायी गयी है तथा पूरी लंबाई में एयरकंडीशनिंग की सुविधा भी दी गयी है। भूमिगत पथ में बुद्ध स्मृति पार्क के निकट एक अतिरिक्त प्रवेश/निकास की सुविधा भी दी गयी है। भविष्य में इस भूमिगत पथ को निर्माणाधीन पटना मेट्रो स्टेशन से भी जोड़ने की योजना है। इस भूमिगत पथ एवं बहुमंजिला पार्किंग भवन की सुविधा मिलने से पैदल चलनेवाले लोगों को पटना जंक्शन तक आवागमन में काफी सुविधा होगी।

कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री जीवेश कुमार, सांसद श्री रविशंकर प्रसाद, विधान पार्षद श्री नीरज कुमार, विधान पार्षद श्री रविन्द्र प्रसाद सिह, पटना की महापौर श्रीमती सीता साहू, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मिहिर कुमार सिंह, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, नगर आयुक्त श्री अनिमेश परासर, अन्य वरीय पदाधिकारीगण, राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******